प्रेस नोट थाना गगहा जनपद गोरखपुर दिनांक 10.06.2024

लूट का अपराध कारित करने के आरोप में 02 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के गिरफ्तारी के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी बांसगांव के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष गगहा के नेतृत्व में उ0नि0 दीनबन्धु प्रसाद मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 328/2024 धारा 392 भादवि से परिवर्तित धारा 395/412 भादवि से संबंधित अभियुक्तगण 1. राजकुमार पुत्र अमरजीत प्रसाद निवासी ग्राम घेवरपार थाना गगहा जनपद गोरखपुर व 2. सदन कुमार पुत्र नन्दू प्रसाद निवासीगण ग्राम घेवरपार थाना गगहा जनपद गोरखपुर को 02 अदद मोबाईल व 01 अदद सिम कार्ड के साथ गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण—

दिनांक 09.06.2024 की रात्रि 11.00 बजे वादी मुकदमा मोटरसाइकिल से अपने रिश्तेदार के साथ देवरिया रेलवे स्टेशन से घर आते समय असवनपार से 100 मीटर पहले अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी मुकदमा को रोक लेने, मोटरसाइकिल का चाभी छीन लेने तथा वादी मुकदमा से 3000 रुपये व मोबाईल लेने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 328/24 धारा 392 भादवि पंजीकृत किया गया, विवेचना के क्रम में अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 392 भादवि को धारा 395/412 भादवि में परिवर्तित किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-

1. राजकुमार पुत्र अमरजीत प्रसाद निवासी ग्राम घेवरपार थाना गगहा जनपद गोरखपुर
2.सदल कुमार पुत्र नन्दू प्रसाद निवासीगण ग्राम घेवरपार थाना गगहा जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

02 अदद मोबाईल व 01 अदद सिम

गिरफ्तारी के अभियोग का विववण-

मु0अ0सं0 328/2024 धारा 392 भादवि से परिवर्तित धारा 395/412 भादवि थाना गगहा जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 दीनबन्धु प्रसाद थाना गगहा जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0प्र0 राहुल कुमार सिंह थाना गगहा जनपद गोरखपुर
3. का0 अनिल यादव थाना गगहा जनपद गोरखपुर
4. का0 कुन्दन कुमार थाना गगहा जनपद गोरखपुर